**भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद**

**आज़ाद भवन, आइ० पी० एस्टेट, नई दिल्ली-2**

**निविदा (टेंडर)आमंत्रित करने हेतु सुचना ( केवल इ टेंडरिंग मोड द्वारा )**

भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद **गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर की कांस्य अर्ध प्रीतिमाओं** (बस्ट, जो कि विदेशों में स्थापित होनी है ) को तैयार करके सप्लाई करने के लिए मूर्तिकारों ( स्कल्प्टर) से ऑनलाइन निविदा (टेंडर) आमंत्रित करती है ।

**1. महत्वूपर्ण तिथियाँ**

| | |
|---|---|
| संदर्भ सं. बी एंड एस/22-C/2019-20/3 | तारीख 02.04.2019 |
| | |
| प्रकाशन की तारीख | 02.04.2019 |
| बोली दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ तारीख | 02.04.2019 |
| स्पष्टीकरण प्रारंभ तारीख | 02.04.2019 |
| स्पष्टीकरण अंत तारीख | 08.04.2019 |
| बोली जमा करने की अंत तारीख | 15.04.2019 (अपराह्न 12:00 बजे) |
| तकनीकी बोली खोलने की तारीख | 15.04.2019 (अपराह्न 2:00 बजे |

**2. कार्यक्षेत्र**

(i) परिषद की मुख्य गतिविधियों में से एक विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठित भारतीय व्यक्तियों और नेताओं की अर्ध -प्रीतिमाए/प्रीतिमाए भेंट के माध्यम से विदेशों में भारतीय कला, चित्रकला, मूर्तियों का प्रचार - प्रसार करना है । अर्ध - प्रीतिमाए -प्रीतिमाए और कला कार्यों को सड़क /समुन्द्र और वायु मार्ग से पहुचाया जाना भी सम्मिलित है ।

(ii) वर्तमान में परिषद **गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर की कांस्य अर्ध प्रीतिमाओं (बस्ट)** को तैयार करके सप्लाई करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करती है । हवाई / समुद्री मालवाहक के माध्यम से भेजने के लिए उचित पैकिंग के साथ नीचे दिए गए विनिर्देशों का विवरण इस प्रकार है -

(ii) वर्तमान में परिषद **गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर की कांस्य अर्ध प्रीतिमाओं (बस्ट)** को तैयार करके सप्लाई करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करती है । हवाई / समुद्री मालवाहक के माध्यम से भेजने के लिए उचित पैकिंग के साथ नीचे दिए गए विनिर्देशों का विवरण इस प्रकार है -

| | |
|---|---|
| आकार: | 42 इंच (इनडोर स्थापना के लिए) और 27 इंच (आउटडोर स्थापना के लिए) |
| सामग्री: | 85% कॉपर, 5% टिन, 5% जिंक और 5% लीड |
| न्यूनतम वजन: | लगभग 200 किलोग्राम (42 इंच) और 150 किलोग्राम (27 इंच ) |
| पैकिंग: | एयर-कार्गो के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार लकड़ी की पैकिंग |

**3. पात्रता मानदंड**

(i) कांस्य प्रतिमाओं/ आवक्ष प्रतिमाओं को बनाने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव

(iii) जीएसटीआईएन / पैन होना चाहिए

**4. निविदा सम्बंधित शर्तें -**

(i) केवल प्रस्ताव जमा करना प्रस्ताव जमा करने वाले को किसी भी प्रकार का कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगा।

(ii) प्रस्ताव आरएफपी के प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेगा।

(iii) आईसीसीआर द्वारा मांगी जाने वाली अन्य कोई जानकारी को प्रस्तुत करना प्रस्ताव जमा करने वाले के लिए अनिवार्य होगा।

(iv) प्रस्ताव के प्रत्येक पृष्ठ को बोलीदाता द्वारा स्व अभिप्रमाणित किया जाना चाहिए।

(v) ना जारी की गई इस आरएफपी और ना ही इसकी अंतर्वस्तु के किसी भाग को किसी प्रस्ताव या किसी कंपनी (एंटिटी) के साथ आगे बढ़ने के लिए आईसीसीआर की तरफ से प्रतिबद्धता या स्वीकृति के किसी भी रूप में लिया जाए। आईसीसीआर किसी भी समय या किसी भी स्तर पर बिना कोई कारण बताए प्रक्रिया, परियोजना को रद्द या समाप्त करने अथवा किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

(vi) बोलियां जमा करने के बाद किसी प्रकार के संशोधन / परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(vii) भुगतान अर्ध प्रीतिमा /प्रीतिमा को सफलतापूर्वक सम्बंधित देश में भेजने के बाद किया जायेगा ।

(viii) अनुबंध की शर्तों के बहार या अनुबंध की दर से अधिक होने पर बोली लगाने वाले को किसी भी परिस्थिति में भुगतान की अनुमति नही दी जाएगी ।

(ix) सफल बोलीदाताओं को 30 दिनों के भीतर अर्ध प्रीतिमा को तैयार, पैकिंग सहित उपलब्ध कराना होगा वापस कर दिए जाएगा। असफल होने पर आईसीसीआर किसी भी समय या किसी भी स्तर पर बिना कोई कारण बताए प्रक्रिया, बिना भुगतान के, परियोजना को रद्द या समाप्त करने अथवा किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

(x) आई सी सी आर के अधिकृत अधिकारी द्वारा अर्ध प्रीतिमा को भेजने से पहले निरिक्षण किया जाना आवश्यक है ।

5. **बोली जमा करना**

(i) बोलीदाता दो अलग-अलग बोलियां अपलोड करेंगे, अर्थात् (क) **तकनीकी बोली** और (ख) **वित्तीय बोली**। तकनीकी बोली को अनुलग्नक-I के अनुसार अपलोड किया जाएगा। पात्रता मानदंडों के अंतर्गत मांगे गए दस्तावेजों को अनुलग्नक-I में भी शामिल किया जाएगा। वित्तीय बोली को अनुलग्नक-II के अनुसार अपलोड किया जाएगा।

(ii) बोलीदाताओं को तकनीकी बोली में निम्नलिखित विधिवत प्रमाणित और / या स्व अभिप्रमाणित दस्तावेज / विवरण जमा करने होंगे -

(क) पंजीकरण दस्तावेज (प्रतिलिपि संलग्न करें) में दिया गया मूर्तिकार / कंपनी या शाखा कार्यालयों का पता।

(ख) उपयुक्त संवैधानिक प्राधिकरणों से प्राप्त पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि जो आवेदक को मूर्तिकार के रूप में अभ्यास करने की अनुमति देती है।

(ग) पिछले 3 वर्षों में पूर्ण की गई परियोजनाओं पर सूचना जो प्रस्तावित कार्य के सदृश हो, तस्वीर (फोटोग्राफ) के साथ भेजना आवश्यक है ।

(घ) डिजाइन, विनिर्देश और अर्ध प्रीतिमा (बस्ट) की तस्वीरें आपूर्ति करने का प्रस्ताव है । बेहतर दृश्य के लिए तस्वीरों को "पोर्ट्रेट लाइटिंग" में कम से कम चार अलग अलग आकर का होना चाहिए । इस क्लॉज़ के तहत सुचना को तकनिकी बोली के भाग के रूप में पेन ड्राइव में उच्च रिजाल्यूशन वाली तस्वीरों के साथ एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के रूप में भी प्रदान किया जाना चाहिए ।

(iii) अधिक जानकारी के लिए, कृपया श्री कैलाश चंद, कार्यक्रम अधिकारी (बस्ट एंड स्टेचू) से संपर्क किया जा सकता है, 011 233709309/10 (एक्स.3401) ।

## 6. चयन प्रक्रिया

(i) तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों और जानकारी के अनुसार समिति द्वारा तकनीकी बोली के आधार पर योग्य बोलीदाताओं की लघु सूची बनाई जाएगी।

(ii) लघु सूचीबद्ध आवेदकों को कार्य के निष्पादन हेतु विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन के लिए नमूना छोटा प्रारंभिक मॉडल (सेम्पल मैक्वेट्टेस) जमा करने और आईसीसीआर की चयन समिति के सामने डिजाइन अवधारणा की प्रस्तुति देने के लिए कहा जाएगा।

(iii) वित्तीय बोली के अलावा अन्य कोई भी वित्तीय जानकारी जमा नहीं की जानी चाहिए ।

*******

**अनुलग्नक- I**

## जांच सूची

मैं / हम एतद्द्वारा निम्नलिखित दस्तावेजों को जमा करने की पुष्टि करते हैं:

1. मूर्तिकार के रूप में अभ्यास करने के लिए उपयुक्त संवैधानिक प्राधिकरणों से पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति
2. कंपनी पंजीकरण दस्तावेज में दिए अनुसार कंपनी / शाखा कार्यालयों का पता
3. पिछले तीन वित्तीय वर्षों की आईटीआर की प्रति
4. कांस्य प्रतिमाओं / आवक्ष प्रतिमाओं को बनाने का 3 वर्ष का अनुभव के समर्थन में दस्तावेज़
5. जीएसटीआईएन / पैन की प्रति
6. स्व-घोषणा कि कंपनी को किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है।
7. तस्वीरों सहित पूर्ण / चालू परियोजना का सारांश:
   परियोजना-I: हाँ/नहीं
   परियोजना-II: हाँ/नहीं
8. परियोजना का नाम, स्थान और संक्षिप्त विवरण
   परियोजना-I: हाँ/नहीं
   परियोजना-II: हाँ/नहीं
9. परियोजना के स्वामी / ग्राहक का नाम
   परियोजना-I: हाँ/नहीं
   परियोजना-II: हाँ/नहीं
10. परियोजनाओं के शुरू और पूर्ण होने की तिथि
    परियोजना-I: हाँ/नहीं
    परियोजना-II: हाँ/नहीं
11. संदर्भ, यदि कोई है (नाम, शीर्षक, टेलीफोन नंबर / ईमेल), प्रशस्ति पत्र / पंचाट की प्रमाणित प्रति / प्रेस में आधिकारिक घोषणा की प्रतिलिपि आदि: हाँ / नहीं

मैं / हम पुष्टि करते हैं कि इस प्रस्तुतीकरण और / या दस्तावेज़ों के प्रत्येक कथन और / या सामग्री, इसके साथ जमा किए गए प्रमाण पत्र पूर्णत: सत्य, सही और प्रामाणिक हैं। बाद में किसी भी कथन / दस्तावेज के गलत या असत्य पाए जाने की स्थिति में यह समझा और स्वीकार किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी इस चयन प्रक्रिया हेतु अयोग्य करार देने के लिए उत्तरदायी है।

हस्ताक्षर
प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम:
पता:

संपर्क विवरण:

अनुलग्नक-II

## वित्तीय बोली

## विदेशों में संस्थापन हेतु गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर की कांस्य अर्ध-प्रतिमा (बस्ट)

| | |
|---|---|
| कमीशनिंग / विनिर्माण, कच्चे माल, संभारिकी, वायु / समुद्र योग्य पैकिंग, परिवहन, कलाकारों को फीस आदि सहित कुल मूल्य और विस्तृत ब्रेक-अप के साथ सभी करों सहित कोई अन्य लागत | 42 इंच रु............<br>27 इंच रु............ |

हस्ताक्षर

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम:

पता:

संपर्क विवरण:

**महत्वपूर्ण नोट**

1. भुगतान के लिए कोई अन्य शर्त स्वीकार्य नहीं होगी। शर्तों के साथ कोई भी वित्तीय बोली बोलीदाता को अयोग्य बना देगी।

2. वित्तीय बोली को अपूर्ण माना जाएगा यदि काम के प्रत्येक तत्व के लिए लागत का विस्तृत ब्रेक-अप प्रदान नहीं किया जाता है।

*********